downloaded from: www.mystudyguru.in

1. भारत के पड़ोसी देश नेपाल के कितने जिलों के कुल 56 उच्च माध्यमिक विद्यालयों का पुनर्निर्माण करने की घोषणा की है?

1. 3 जिलों
2. 5 जिलों
3. 7 जिलों
4. 10 जिलों

उत्तर– 7 जिलों

भारत ने पड़ोसी देश नेपाल के 7 जिलों के कुल 56 उच्च माध्यमिक विद्यालयों का पुनर्निर्माण करने के लिए 1.84 अरब रूपयों की मदद देने की घोषणा की है। जिसके लिए भारत और नेपाल के बीच 7 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए है।

2. एआरसीआई ने किस बीमारी के इलाज के लिए दुर्लभ धातु आधारित मैग्नेटोकैलोरिक सामग्री का निर्माण किया है?

1. कोरोना
2. कैंसर
3. टीबी
4. डेंगू

उत्तर– कैंसर

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत अनुसंधान एवं विकास केन्द्र ने हाल ही में कैंसर बीमारी के इलाज के लिए दुर्लभ धातु आधारित मैग्नेटाकैलोरिक सामग्री का निर्माण किया है।

downloaded from: www.mystudyguru.in

3. इनमें से किस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने कार घंटों के हिसाब से बुक करने के लिए आवरली रेंटल्स सर्विस शुरू की है?

1. ओला
2. उबर
3. मेरू
4. सवारी

उत्तर– उबर

कैब सर्विस प्रोवाइडर कंपनी उबर ने हाल ही में कार घंटों के हिसाब से बुक करने के लिए आवरली रेंटल्स सर्विस शुरू की है। यह सर्विस ऑन–डिमांड पर 24 घंटे उपलब्ध होगी। यह सर्विस 189 रूपये घंटे/प्रति 10 किमी पैकेज से होगी।

4. निम्न मे से किस टायर निर्माण कंपनी ने संदीप महाजन को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है?

1. एमआरएफ
2. सीएट टायर
3. गुडइयर इंडिया
4. अपोलो

उत्तर– गुडइयर इंडिया

टायर निर्माण कंपनी गुडइयर इंडिया ने संदीप महाजन को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। 5 वर्ष के लिए नियुक्त किये गए हैं। संदीप महाजन ने सेवानिवृत्ति हुए राजीव आनंद की जगह ली है। उन्होनें 38साल से अधिक समय तक कंपनी की सेवा की।

downloaded from: www.mystudyguru.in

5. निम्न में से किस देश को हाल ही में कोरोना वायरस से मुक्त घोषित किया गया है?

1. चीन
2. जापान
3. न्यूजीलैंड
4. अमेरिका

उत्तर– न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड देश को हाल ही में कोरोना वायरस से मुक्त घोषित किया गया है। अब न्यूजीलैंड में एक भी सक्रिय मामला नहीं है। करीब 50 लाख की आबादी वाले देश न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस के 1154 मामले थे। जिसमें से 22 की मौतें हुई थी।

6. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू–कश्मीर और लद्दाख प्रदेश के संयुक्त हाई कोर्ट के जज के रूप में किसे नियुक्त किया है?

1. जावेद इकबाल वानी
2. अख्तर अब्दुल वानी
3. सिद्धार्थ शंकर
4. बाबू ज्वाला प्रसाद

उत्तर– जावेद इकबाल वानी

जाने–माने अधिवक्ता जावेद इकबाल वानी को मंगलवार को जम्मू–कश्मीर उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इससे पहले जस्टिस अली मुहम्मद मागरे वर्ष 2013 में उच्च न्यायाधीश के रूप में नियुक्त आखिरी कश्मीरी वकील थे।

7. कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) ने लॉकडाउन के दौरान के दौरान पिछले दो महीनों में कितने करोड़ रूपये का भुगतान किया है?

1. 21540 करोड़ रूपये
2. 11540 करोड़ रूपये
3. 10050 करोड़ रूपये
4. 31540 करोड़ रूपये

उत्तर– 11540 करोड़ रूपये

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने लॉकडाउन के दौरान पिछले दो महीनों में 36.02 लाख दावों के निपटान किये हैं। और अपने सदस्यों को 11540 करोड़ रूपये वितरित किये हैं।

8. छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में पुलिस कर्मियों के मानसिक तनाव और डिप्रेशन को कम करने के लिये किस नाम से एक अभियान शुरूआत की है?

1. स्पंदन
2. नमन
3. खुशी
4. प्रतिभा

उत्तर– स्पंदन

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में पुलिस कर्मियों के मानसिक तनाव और डिप्रेशन को कम करने के लिये स्पंदन नाम से एक अभियान की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के दौरान परामर्श सत्र, संगीत और योग थेरेपी की व्यवस्था की जाएगी।

9. केन्द्र सरकार ने अगरबत्ती निर्माताओं द्वारा आयात किये जाने वाले बांस पर सीमा शुल्कों दर से बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया है?

1. 20
2. 30
3. 25
4. 40

उत्तर–न्यूजीलैंड

प्रोफेशनल स्पोर्ट्स इवेंट सुपर रग्बी लीग न्यूजीलैण्ड में 13 जून से दर्शकों की मौजूदगी में खेला जायेगा। इस इवेंट का पहला मैच ड्यूनेडिन में हाइलैंडर्स और चीफ के बीच होगा इस मुकाबले में लगभग 25 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है।

10. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्था की पालमपुर स्थित अनुसंधान इकाई आईएचबीटी ने हींग और केसर की खेती के लिए किस राज्य सरकार के साथ समझौता किया है?

1. बिहार
2. पंजाब
3. हिमाचल प्रदेश
4. उत्तर प्रदेश

उत्तर– हिमाचल प्रदेश

हिमालयी जैव संसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान और हिमाचल प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से देश में केसर और हींग की खेती को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है। यह साझेदारी हिमाचल प्रदेश में कृषि आय बढ़ाने, आजीविका में वृद्धि और ग्रामीण विकास के उद्देश्य को पूरा करने में मददगार हो सकती है।

downloaded from: www.mystudyguru.in